भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

24.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 358 का उत्तर

तिरुशूलम स्टेशन पर रेलों का ठहराव

358. श्री मार्थेश्वरन वी. एस.:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे को चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ठीक सामने तिरुशूलम स्टेशन पर ट्रेन 16160 (मंगलुरु सेंट्रल - चेन्नई एग्मोर) और 22153 (सलेम-एमएस एग्मोर) के ठहराव के संबंध में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है, जहां से यात्री आसानी से उड़ान भर सकते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है; और

(ख) वर्तमान में तिरुशूलम स्टेशन पर प्रतिदिन कितनी एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें रुकती हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): तिरुशूलम स्टेशन जो उपनगरीय खंड पर स्थित है, जिसे 416 उपनगरीय सेवाओं और एक जोड़ी मेल/एक्सप्रेस सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है, वहां मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव की व्यवस्था करने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा, अतिरिक्त गाड़ी सेवाएं शुरू करना एक सतत प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि पर निर्भर करता है।

****

s.k